उदय प्रताप कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेट अनुज मिश्रा का राष्ट्रीय थल सेना कैंप में चयन

100 यूपी एन.सी.सी. से सम्बद्ध उदय प्रताप कॉलेज की एन.सी.सी. (राष्ट्रीय कैडेट कोर) के सीनियर अंडर ऑफिसर अनुज मिश्रा का चयन डी. जी. एन.सी.सी. राष्ट्रीय थल सेना कैंप के लिए हुआ हैI यह कैम्प एन.सी.सी. महानिदेशक के निर्देशन में दिल्ली कैंट में 19 से 30 सितम्बर तक चलेगा जिसमें देशभर की 17 एन.सी.सी. डायरेक्टरेट के चुनिन्दा कैडेट्स शामिल होंगे I चंदौली निवासी नायब सूबेदार दीपक मिश्रा के बेटे अनुज मिश्रा का सपना भारतीय सेना में अफसर बनकर देश सेवा करने का हैI इनके पिता के साथ- साथ दादा और नाना भी भारतीय सेना भारतीय सेना में रहे हैं I

बहुत कठिन एवं लंबी है चयन की प्रक्रिया

उदय प्रताप कॉलेज एन.सी.सी. के कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट डॉ० देव नारायण सिंह का कहना है कि डी. जी. एन.सी.सी. राष्ट्रीय थल सेना कैंप में भाग लेने के लिए कैडेट को एक लंबी चयन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है I 70 से अधिक दिनों तक अपने घर से दूर रहना होता है I कैडेट को 10-10 दिन के लिए 5 प्रि – थल सेना कैम्प (प्रि- टी.एस.सी), में विभिन्न स्तरों पर ड्रिल, मानचित्र अध्ययन, कमांड एवं गार्ड, प्रतियोगिताओं में खुद को साबित करना होता है I इस कैम्प के दौरान एनसीसी कैडेट्स को एन.सी.सी. महानिदेशक से भी मिलने का मौका मिलता है I गौरतलब है कि इस कैम्प के लिए पुरे उत्तर प्रदेश से मात्र 51 कैडेट्स का ही चयन हुआ है, जिसमे एन.सी.सी. वाराणसी ग्रुप "बी" के अंतर्गत आने वाली 9 बटालियन की 100 से अधिक संस्थाओं से चयनित होने वाले अनुज मिश्रा एकमात्र कैडेट हैंI कैडेट अनुज मिश्रा एवं उनके कंपनी कमांडर को वाराणसी ग्रुप "बी" के एन.सी.सी. कमांडर ग्रुप कैप्टन डी.के. नरकर, 100 यूपी वाहिनी एन.सी.सी. की कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल इला वर्मा, लेफ्टिनेंट मयंक सिंह एवं उदय प्रताप कॉलेज के प्राचार्य प्रो० धर्मेंद्र सिंह ने बधाई दी हैI